संख्या-19/1132 /22-4-14-48(8)/14

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक- 28 नवम्बर,2014

विषय- कारागार विभाग के वेबसाइटों के नवीनीकरण एवं रख-रखाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 22975/प्र0सु0अनु0-5, दिनांक 26-08-2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कारागार विभाग की वेबसाइटों के नवीनीकरण एवं रख-रखाव के लिए श्री शरद, उप महानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

3- नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि वे कार्य सम्पादन पर होने वाले व्यय का अनुमान यू0 पी0 डेस्को के माध्यम से हुए अनुमानित व्यय बजट के माध्यम से प्राप्त करेंगे तथा विभाग की वेबसाइटों को अद्यतन रखने हेतु यू0पी0डेस्को तथा कार्य सम्पादित करने वाली संख्या से नियमित रूप से सम्पर्क में रहेंगे व प्रत्यके माह प्रमुख सचिव, आई0टी0 इलेक्ट्रानिक विभाग को इस आशय की अण्डरटेकिंग देंगे कि उनके विभाग की वेबसाइट अद्यतन है।

कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने काष्ट करें।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

संख्या-19/1132(1)/22-4-14-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-श्री शरद, उप महानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in